प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक
डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ,
गोमतीनगर लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 **लखनऊ : दिनांक 15 जून, 2015**

विषय- डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ,गोमतीनगर लखनऊ के पैथालाजी विभाग में कार्यरत सीनियर लैब टेक्नीशियन के ग्रेड वेतन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-4036/ईएसटीबी.(सामान्य) आर0एम0एल0आई0एम0एस0/2015, दिनांक 20 जनवरी, 2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य सचिव समिति की संस्तुतियों पर वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-697/दस-2014-8(मु0स0स0)/2011, दिनांक 24 सितम्बर, 2014 द्वारा लिये गये निर्णयानुसार श्री राज्यपाल महोदय, संस्थान के पैथालाजी विभाग में कार्यरत सीनियर लैब टेक्नीशियन के पदों पर वर्तमान में अनुमन्य वेतन बैण्ड-2 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200/- के स्थान पर इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से उच्चीकृत/संशोधित ग्रेड वेतन रू0 4600/- अनुमन्य कराये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- राजकीय विभागों में वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन के पद पर लैब टेक्नीशियन के पद से शत प्रतिशत पदोन्नति की व्यवस्था है। अत: संस्थान के वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन के पद पर भी लैब टेक्नीशियन के पद से शत प्रतिशत पदोन्नति की व्यवस्था की जायेगी, इस हेतु संगत नियमावली में संशोधन किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

3- उपर्युक्त संशोधित वेतनमान में संबंधित कार्मिकों का वेतन निर्धारण वित्त् (वेतन आयोग) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-841/दस-2009-59(एम)/2008, दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 एवं शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-577/दस-59(एम)/2008, दिनांक 29 जून, 2010 के अनुसार किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-वे0आ0-1-387/दस-2015, दिनांक 09 जून, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे)
उप सचिव।

संख्या-55/2015/275(1)/71-2-15-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं् प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. वित्त (वेतन आयोग) अनु0-1/2
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनु0-3/ वित्त (सामान्य) अनु0-1/2
5. वित्त नियंत्रक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ,गोमतीनगर लखनऊ।
6. विभागाध्यक्ष, पैथालाजी विभाग, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ,गोमतीनगर लखनऊ।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(ऋषिकेश दुबे)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in